**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 मार्च 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

**1. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के बावजूद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा ।**

**2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लुधियाना के** गुरुद्वारा **श्री नानकसर साहिब में समागम को संबोधित किया , बाबा ईशर सिंह के प्रकाश उत्सव की बधाई दी ।**

**3. हरियाणा में गेंहू की सरकारी खरीद , पहली अप्रैल से शुरू होगी, फसल की खरीद के लिए , 416 मंडिया बनाई गई ।**

**4. हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने पंचकुला के सिविल अस्पताल में एच आई वी वाइरल लोड टेस्टिंग लैब की स्थापना को मंजूरी दी ।**

**5. हरियाणा राज्य बागबानी विकास एजेंसी के मिशन निदेशक , डा जोगेन्द्र सिंह घाँघस ने किसानों को बागबानी अपनाने की सलाह दी ।**

**************************************************************

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री रिजिजू ने कहा कि भारत ऊर्जा संसाधनों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर है और अपने ऊर्जा संकट से निपटने के लिए प्रबंध कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय जहाज होर्मुज जल डमरू मध्य से सुरक्षित रूप से गुजर रहे हैं।

*हमारे कुछ जहाज होर्मुज पार कर चुके हैं और कुछ करने वाले हैं। यह भारत की स्थिति को दर्शाता है। भारत कुछ चुनिंदा देशों में शामिल है, जो सभी पक्षों से बात कर सकता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरीका के राष्ट्रपति ट्रम्प, इस्राएल के प्रधानमंत्री, ईरान के राष्ट्रपति और खाड़ी देशों के प्रमुखों से बात की है। भारत चुनौतियों के बावजूद बहुत ही बेहतर स्थिति में है।*

**************************************************************

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दोहराया है कि भारत में पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति सामान्य और पूरी तरह नियंत्रण में है। मंत्रालय ने कहा कि सभी खुदरा ईंधन

दुकानों पर पर्याप्त आपूर्ति है और देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। मंत्रालय ने नागरिकों से जानबूझकर फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं के सुनियोजित अभियान से गुमराह न होने का अनुरोध किया है। भारत को आज दुनिया भर के 41 से अधिक आपूर्तिकर्ताओं से कच्चा तेल प्राप्त हो रहा है। मंत्रालय ने कहा कि प्रत्येक भारतीय रिफाइनरी 100 प्रतिशत से अधिक क्षमता पर चल रही है। भारत के पास कुल 74 दिनों की आरक्षित क्षमता है और वर्तमान में वास्तविक स्टॉक लगभग 60 दिनों का है।

मंत्रालय ने यह भी कहा है कि देश भर में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। घरेलू रिफाइनरी उत्पादन में 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जिससे एलपीजी का दैनिक उत्पादन 50 हजार मीट्रिक टन हो गया है, जो देश की आवश्यकता का 60 प्रतिशत से अधिक है।

************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि असली दौलत गुरु के चरणों में और 'नाम' की कमाई में है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में शांति गुरु के सानिध्य में ही मिलती है।

मुख्यमंत्री आज पंजाब में लुधियाना के गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में आयोजित समागम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समागम में बाबा घाला सिंह जी, अनेक संत-महापुरुषों और देश-विदेश से पधारी साध संगत उपस्थित थी।

श्री नायब सिंह सैनी ने समागम में उपस्थित संगत को दुर्गाष्टमी और रामनवमी की बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री नानकसर साहिब वही पावन स्थान है, जिसकी नींव बाबा नंद सिंह जी महाराज ने अपने कठोर तप से रखी थी। उन्होंने भक्ति की उस जोत को जलाया, जिसकी लौ आज करोड़ों दिलों को रोशन कर रही है। उनके पदचिह्नों पर चलते हुए बाबा ईशर सिंह जी महाराज ने यहां सात वर्षों तक एकांतवास में सिमरन किया।

मुख्यमंत्री ने बाबा ईशर सिंह जी के प्रकाश उत्सव की भी बधाई देते हुए कहा

************************************************************

हरियाणा के खाद्य नागरिक, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि प्रदेश में गेहूं की सरकारी खरीद पहली अप्रैल से आरंभ होगी। कुरुक्षेत्र जिले में लाडवा अनाज मंडी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि गेहूं की सुचारू खरीद के लिए 416 मंडियां व खरीद केंद्र खोले गए हैं। इन मंडियों व खरीद केंद्रों पर गेहूं की खरीद खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयरहाउसिंग कारपोरेशन तथा खाद्य निगम द्वारा की जाएगी। मंडियों में गेहूं की खरीद के पुख्ता प्रबंध जा रहे हैं।

श्री राजेश नागर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खाद्यान्नों की खरीद प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ करने हेतु वर्तमान में कार्यरत ई-खरीद पोर्टल को अपग्रेड किया गया है।किसानों व आढ़तियों को लेकर उन्होंने कहा कि ने प्रदेश की अनाज इसके साथ ही किसानों के लिए भी उचित व्यवस्थाएं मुहैया करवाने को कहा गया है। किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी अथवा कर्मचारी पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

****************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।**

****************************************************************

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने पंचकूला के सिविल अस्पताल में एक एचआईवी वायरल लोड टेस्टिंग लैब स्थापित करने की मंज़ूरी दे दी है। इसके साथ ही, हरियाणा में यह दूसरी समर्पित सुविधा होगी ,इस प्रकार की लैब की सुविधा पहले रोहतक में मौजूद है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि इस लैब को सालाना 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत पर मंज़ूरी दी गई है, जो सालाना लगभग 15,000 एचआईवी वायरल लोड टेस्ट के अनुमानित कार्यभार पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि इस नई लैब को पंचकूला के सिविल अस्पताल में पहले से मौजूद Covid-19 मॉलिक्यूलर टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करके स्थापित किया जाएगा।

****************************************************************

कैथल की उपायुक्त अपराजिता ने आज जिले के गांव मुन्नारहेड़ी व मोहना में रबी फसलों के डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत चल रहे गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने पटवारियों को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपयुक्त ने बताया की 31 मार्च तक सर्वे पूरा कर लिया जाएगा।

****************************************************************

हरियाणा राज्य बागवानी विकास एजेंसी के मिशन निदेशक डॉ. जोगिंद्र सिंह घंघास ने किसानों को बागवानी अपनाने की सलाह दी है।

डॉ. जोगिंद्र सिंह घंघास पलवल के अलावलपुर गांव में आयोजित जिला स्तरीय उद्यान सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जोत कम होती जा रही है, ऐसे में फसल विविधीकरण जरूरी हो गया है।

उन्होंने कहा की तकनीक का लाभ उताते हुए बागवानी करने से कम जमीन पर अच्छी और ज्यादा पैदावार ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि किसान फसल का मूल्य और खुद की बिक्री से दो से चार गुणा मुनाफा बढ़ा सकते है।

डॉ. जोगिंद्र सिंह घंघास ने किसानों को सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने आयोजन स्थल पर प्रगतिशील किसानों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन भी किया।

*************************************************************